Roll No. ....

9668

B.A. LL.B. (Hons.) 5 Year Course
2nd Sem. (New Scheme)
Examination–May, 2017

HINDI-II

Paper Code-201

Paper : I

Time : 3 hours **Max. Marks : 80**

प्रश्नों के उत्तर देने से पहले परीक्षार्थी यह सुनिश्चित कर लें कि उनको पूर्ण एवं सही प्रश्न पत्र मिला है। परीक्षा के उपरान्त इस संबंध में कोई भी शिकायत नहीं सुनी जायेगी।

1. सप्रसंग व्याख्या कीजिए : (7 × 2 = 14)

(क) "देख लो, जरा–सा काम क्या करना पड़ा रोज़ हल्ले करवा रही है। बोलो हम नहीं करते थे ? कहा किसी भी दिन अम्माजी ने कुछ ? जरा–सी करने क्या लगी, एहसान जता रही है, एहसान।"

अथवा

"तड़पकर मैंने उसकी दोनों कलाइयों को आपस में जोर से बजा दिया और मुट्ठियाँ भींचकर चूड़ियों के

https://www.mdupapers.com

टुकड़े–टुकड़े कर दिए। चट–चट करते हुए चूड़ियों के टुकड़े जमीन पर बिखर गए और मैं पागलों की तरह ऊपर मुँह करके गला फाड़कर ऊँची आवाज में अट्टहास कर उठा।"

(ख) "अब एक और परिवर्तन दिखाई दे रहा था। पहले जब भी कोई नया और मुश्किल काम प्रभा के ऊपर आकर पड़ता तो यह सोचकर मुझे बड़ा हार्दिक संतोष होता कि चलो, उसे कष्ट मिलेगा। मैं उत्सुकता से राह जोहता कि देखें इसकी क्या प्रतिक्रिया होती है ? अंतर्मन में कहीं यह भी रहता कि देखा जाए इन अत्याचारों से परेशान होकर वह किस समय और कहाँ रोती है ?"

अथवा

"सारे आकाश पर तारों की नक्काशी की हुई थी और कभी–कभी एक तारा लपककर जलती लकीर खींचता हुआ दूसरे दल में जा मिलता था। उसे देखकर मैं साश्चर्य अपने मन को समझाता था कि देखने में इसे जाते हुए एक पल भी नहीं लगा, लेकिन हो सकता है वास्तव में इसे हजारों प्रकाश–वर्ष का समय लगा हो, अपना सौर–मंडल बदलने की इस यात्रा में।"

https://www.mdupapers.com

2. (क) सारा आकाश का उद्देश्य या मूल संवेदना लिखें। (7)

(ख) बाबूजी या अम्माजी की चरित्रगत विशेषताएँ लिखे। (7)

3. किसी एक विषय पर विधिक निबंध लिखें : (14)

(i) भारतीय गणराज्य की धर्मनिरपेक्षता

(ii) संविधान में अभिव्यक्त सामाजिक न्याय

(iii) जनहित याचिका

4. किन्हीं सात विधि शब्दों के अंग्रेजी अर्थ लिखकर हिन्दी में वाक्य बनायें : (7 × 2 = 14)

(i) प्रशासनिक न्यायाधिकरण

(ii) प्राकृतिक न्याय

(iii) बिना क्षति के हानि

(iv) भारतीय विधिक परिषद्

(v) भू–राजस्व

(vi) यथापूर्व स्थिति

(vii) रद्द करना

(viii) लोकसभा

(ix) वैयक्तिक विधि

(x) विधि द्वारा आबद्ध

https://www.mdupapers.com

(xi) विधि के प्रतिकूल

(xii) स्वप्रेरणा

(xiii) संसदीय स्थायी समिति

(xiv) साक्षी को आहूत करना।

5. सभी प्रश्न अनिवार्य हैं तथा सभी के समान अंक हैं।

(8 × 3 = 24)

(i) सप्रसंग व्याख्या करते हुए किन–किन पक्षों का ध्यान रखना आवश्यक है ?

(ii) सप्रसंग व्याख्या में भाषा-शैली का कितना महत्त्व है और क्यों है ?

(iii) सारा आकाश की प्रमुख समस्या पर नोट लिखें।

(iv) समर के चरित्र पर नोट लिखें।

(v) न्यायालयों में लंबित मुकदमों की संख्या घटाने के लिए क्या किया जाए ? टिप्पणी करें।

(vi) न्यायिक सक्रियता पर टिप्पणी करें।

(vii) विधि शब्दावली को जनग्राही बनाने के लिए क्या किया जाए ? टिप्पणी करें।

(viii) न्यायालयों की भाषा कैसी हो ? टिप्पणी करें।

https://www.mdupapers.com